Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

APEM LIVE NEWS सच का साथी

दैनिक संध्या डिजीटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 09-02-2022 | अंक 136

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र :9550809864,9431129570,9934337941,8969504178 Email Id- liveapem@gmail.com

# रूपेश पांडेय की हत्या जघन्य अपराध, सभी आरोपियों को मिले सजा, प्रशासन को इस पर देना होगा ध्यान : मनोज यादव

## शांति व सद्भाव बनाए रखने को लेकर बरही बहुउद्देश्यीय भवन में शांति समिति की बैठक, शांति बनाने पर सहमति

अपेम लाइव : बरही
सोनु पंडित

नई टांड निवासी रूपेश पांडेय की हत्या के बाद बिगड़े साम्प्रदायिक सद्भाव को सामान्य बनाने को लेकर प्रखंड परिसर स्थित बहुउद्देश्यीय भवन में शांति समिति की बैठक हुई। अध्यक्षता एसडीओ पूनम कुजूर एवं संचालन सीओ अर. विंद देवाशीष टोप्पो ने किया। शांति समिति की बैठक में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, डीएसपी अमित सिंह , भा. जपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, बरही थाना प्रभारी इंस्. पेक्टर नीरज सिंह , सर्किल इंस्पेक्टर रोहित सिंह अपेम मुख्य संरक्षक सह व्यवसायिक संघ के अध्यक्ष कपिल केशरी, , सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव , जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, अम्बिका सिंह, भाजपा नेता किशुन यादव, भगवान केशरी अब्दुल मनान वारसी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, गुरुदेव गुप्ता नंदकिशोर कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस बैठक में सभी ने रूपेश हत्याकांड की घटना की निंदा की। एक स्वर में उपस्थित लोगों ने रूपेश हत्याकांड के आरोपियों को फांसी की सजा की मांग की। रूपेश के हत्यारों की फांसी की मांग को लेकर बैठक में ही जमकर जय श्री राम का नारा लगाकर फांसी की मांग की। मनोज कुमार यादव ने कहा कि रूपेश पांडेय की हत्या दुखद एवं निंदनीय है। प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि प्रशासन की सूझ बूझ से ही बड़ी घटना टली। प्रशासन ने बरही को कलंकित होने से बचाया। शांति बनाने में अपनी सहभागिता निभाई। दुलमहा में ही बार बार इस तरह की घटना क्यों होती है। इस पर गहन मंथन करने की जरुरत है। कानून के दायरे में रहकर ही अपनी बात रखनी चाहिए। हत्या के आरोपी किसी भी कीमत बख्सा नही जाना चाहिए। उन्होंने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि अविलंब रूपेश पांडेय की हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, ओबीसी मोर्चा के प्रमंडल प्रभारी किशुन यादव, सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान, बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, कॉंग्रेस जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी, व्यवसायी संघ के अध्यक्ष कपिल प्रसाद केशरी, सांसद प्रतिनिधि गणेश यादव, भाजपा युवा नेता रितेश गुप्ता, कॉंग्रेस प्रखंड अध्यक्ष इकबाल रजा, मो रुस्तम अली, मा. तीलाल चौधरी, शमशेर आलम, छ्ठु गोप, मो तौकिर, तोखन रविदास, रघुवीर यादव, बरही पश्चमी मुखिया प्रति. निधि रमेश ठाकुर, सुनील साहू, यमुना यादव, टिंकू केशरी, भाजपा नेता पप्पु चंद्रवंशी, कमल शंकर पंडित, बंधन यादव, मनोज केशरी, कुणाल कतरियार, जियाउल अंसारी, मनोज कुमार, अरविंद यादव, इंद्रदेव ठाकुर, पिंटू ठाकुर, कांति देवी, अमित जयसवाल, मनोहर यादव सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

**किसने क्या कहा :-**

मंच को संबोधित करते हुए बरही पूर्वी जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि रूपेश पांडेय एक होनहार लड़का था साथ ही साथ वह अपने घर का इकलौता चिराग था। मैं इस घटना का घोर निंदा करता हूं। साथ ही उन्होंने बरही प्रशासन से अपील किया कि वैसे लोग जो रूपेश के हत्या में शामिल है उसे कठोर से कठोर सजा मिले।

कॉंग्रेस के जिला महासचिव अब्दुल मन्नान वारसी ने कहा की यह एक निंदनीय घटना है। मैं इसका घोर निंदा करता ह ु ँ ।

सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान ने कहा कि रूपेश पांडेय की हत्या एक दुःखद घटना है। साथ ही उन्होंने प्रशासन से अपील किया कि रूपेश पांडेय की हत्या में जो भी हत्यारे शामिल है उसे बख्सा नही जाएगा। साथ ही उन्होंने दोनों समुदाय के लोगो से अपील किया कि जिस प्रकार बरही में दोनों समुदायों के बीच मेल मिलाप था वो हमेशा बरकार रहे।

भाजपा जिलाउपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने बरही अनुमंडलीय प्रशाशन से कहा कि जो भी हत्यारे रूपेश पांडेय के हत्या में शामिल है उन सभी को जल्द से जल्द गिरफ्तार करे। साथ ही उन्होंने अनुमंडलीय प्रशासन को अवगत कराया कि दुलमहा एवं महराजगंज में इस प्रकार की घटना घटती रहती है।

बरही विधानसभा के सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव ने कहा कि रूपेश पांडेय की हत्या एक बहुत ही निंदनीय घटना है। साथ ही उन्होंने बरही अनुमंडलीय प्रशासन का सराहना करते हुए कहा कि हत्या के तुरंत बाद मृतक के चार हत्यारा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। लेकिन साथ ही साथ उन्होंने कहा इस हत्या में शामिल सभी हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार क र ` ं साथ ही उन्होंने प्रशासन को दुलमहा से अवगत कराते हुए कहा कि लगातार दुलमहा में इस प्रकार की घटना घटती रहती है। साथ हीं उन्होंने प्रशासन से सवाल पूछते हुए कहा कि आखिरकार दुलमहा में इस प्रकार की घटना क्यों घटती रहती है। उन्होंने अनुमंडलीय प्रशासन से अपील किया इस प्रकार की घटना पर अंकुश लगाया ज ा ए ।

वहीं बड़कागांव एसडीपीओ अमित कुमार सिंह ने बरही के लोगो को आश्वासन दिया कि जो भी इस घटना में शामिल है। उसे कठोर से कठोर सजा मिलेगी।

बरही एसडीपीओ नाजीर अख्तर ने कहा कि जितने भी नामजाद हत्यारे इस घटना में शामिल है। उन सभी को बहुत जल्द गिरफ्तार किया जाएगा। साथ ही उन्होंने विहिप के जिला महामंत्री गुरुदेव गुप्ता एवं प्रखंड अध्यक्ष नंद किशोर साहू का तारीफ करते हुए कहा कि जिस प्रकार बीते रविवार की रात में लोगो मे आक्रोश था । अगर समय पर विहिप के सदस्य नही पहुंचते तो वहाँ का दृश्य कुछ और हो सकता था। मौके पर सभी ने बरही मेंशांति एवं सौहार्द बनाए रखने का आश्वासन दिए और संकल्प लिया कि इस तरह की घटना की पुनरावृति नही होने दी जाएगी।



शांति समिति की बैठक में शामिल पूर्व विधायक एवं अन्य अधिकारी गण



सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजिटल न्यूजपेपर

## कोरोना की उड़ा रहे धज्जि पर प्रशासान शख्त कोल्हैया पशु मेले पर प्रशासान ने लगाया रोक

### यदि रोक के बाद भी गुरुवार से लगी मेला तो ब्यवस्थापक के साथ साथ ब्यपारियो पर भी होगी मुकदमा : सी ओ

**पेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी : जिले के शुप्रसिद्ध बसन्त पंचमी के अवसर पर लगने वाले कोल्हैया पशु मेले पर बुधवार को प्रशासान ने रोक लगा दी है।मेले में पहुंच कर सी ओ सह बी डी ओ हुलास महतो एवं राजपुर थाना के जवान ने मेले में जाकर एलाउंस कर मेले में उपस्थित ब्यपारियो को गुरुवार की सुबह तक मेला को खाली करने का शख्त निर्देश दिया ।सी ओ हुलास महतो ने शख्त लहजे में मेला में अवस्थित सभी दुकानदारों और मवेषी के ब्यपारियो को चेताया कि यदि गुरुवार से मेले में कोई दुकानदार दिखे तो उस पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।बताते चलें कि जिला एवं परखण्ड प्रशासान ने पहले ही कोविड बीमारी को देखते हुए मेला नहीं लगाने का फरमान जारी कर चुकी है बावजूद मेले को संच. ालन कर रहे सर सैयद आफताब अहमद ने सरकार के दिशा निर्देश को द्वता बताते हुए मेला लगवा दिया ।इतना ही नही मेले से गलत तरीके से अवैध वसूली भी करवा रहा है।इधर ग्रामीणों ने प्रशासान की इस पहल को सराहना की है।हालांकि कुछ ग्रामीनो का कहना है कि मेले से अवैध तशिली करने वाले लोग मेला को पुनः लगवाने की प्रयास में हैं।ताकि उनका चूल्हा जलता रहे।

## शाकद्वीपीय ब्राह्मण समाज ने सूर्य अचला सप्तमी पर की सूर्योपासना

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मणों का सूर्य अचला सप्तमी समारोह को लेकर हेठली बोदरा स्थित राधाकृष्ण मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मगदूत घनश्याम पाठक ने किया। इसमें मग संस्कृ ति संरक्षकों द्वारा सूर्योपा. सना कर परंपरा को कायम रखने का संकल्प लिया गया। सामूहिक रूप से पूजा अर्चना के बाद सामूहिक हवन का कार्यक्रम किया गया। समारोह में सार्वभौम शाकद्वीपीय ब्राह्मण महासंघ झारखंड प्रदेश संरक्षक आचार्य देवनाथ शास्त्री जी ने अपील करते हुए कहा कि संपूर्ण ब्रह्माण्ड में प्रकृति प्रदत पदार्थ की पहचान करने वाले लोग हमारे कुल ऋषियों के विश्वास से हम मग जाति संस्कृति को कायम रख सकते हैं। कहा कि यह हमारे कर्म पहचान का महोत्सव है। समाज के लोगों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सिधेश्वर पाठक, राजेश्वर पाठक, मदेश्वर पाठक, तापेश्वर पाठक, महेश्वर पाठक, दिनेश्वर पाठक, भास्कर पाठक, दिलीप मिश्रा, विजय पाठक, उपेंद्र पाठक, अशोक मिश्रा, संजय मिश्रा, विजय मिश्रा, अशोक पाठक, जयकुमार पाठक, विनय पाठक, निलेश पाठक, संतोष पाठक, संजय पाठक, नंदकुमार पाठक, सुशील पाठक, दिनेश मिश्रा, सुधांशु मिश्रा, गजेंद्र पाठक, राधे रौशन पाठक, राजीव रंजन, विकास मिश्रा, विकास पाठक, शेखर कन्याल, अमृत आचार्य, अभिषेक, विवेक समेत कई शाकद्वीपीय परिवार के लोग शामिल थे।

## विष्णुगढ़ सीएचसी के दिव्यांग शिविर में तीन सौ लोगों की हुई जांच

**अपेम लाइव : विष्णुगढ**
**मिथलेश गोल्डी**



विष्णुगढ़ सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बुधवार को जिला प्रशासन द्वारा प्रखंडस्तरीय दिव्यांग शिविर का आयोजन किया गया। इसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा लगभग तीन सौ लोगों के दिव्यांगता की जांच हुई। शि. विर में आंख जांच के लिए डॉ उमेश प्रसाद, हड्डी रोग सं. बंधी जांच के लिए डॉ हेम्ब्रम, मस्तिष्क संबंधी जांच के लिए डा० रूपा घोष, नाक कान गला जांच के लिए डॉ दीपक कुमार समेत अन्य चिकित्सक शामिल थे। सभी चिकित्सकों ने दिव्यांगों की समुचित जांच करते हुए उपलब्ध कराए गए प्रपत्र को प्राप्त किया। शिविर में प्रखंड से बड़ी संख्या में दिव्यांग शामिल हुए। भीड़ अधिक होने के कारण कई लोगों की जांच नहीं हो सकी। शिविर को लेकर सिविल सर्जन डॉ सरयू प्रसाद सिंह, डीआरसीएचओ डॉ कपिलमुनी, यूनिसेफ कार्डिनेटर सुश्री आफरीन ने निरीक्षण किया और संतुष्टि जाहिर की। कहा कि पहले दिव्यांग जांच के लिए लोगों को जिला अस्पताल पहुंचना होता था। इससे उन्हें काफी परेशानियां होती थी। दिव्यांगों की सुविधा के लिए सरकार की ओर से प्रखंडस्तरीय शि. विर की व्यवस्था की गई है। कहा कि कुछ छूटे हुए दिव्यांगों को गुरुवार को टाटीझरिया में आयोजित दिव्यांग शिविर में जांच कराई जाएगी। इसके अलावा बाद में प्रखंडस्तर पर एक और शिविर आयोजित करने की बात उन्होंने कही। सभी दिव्यांगों को कुछ दिनों के बाद प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाएगा। दिव्यांग शि. विर में बीडीओ संजय कुमार कोंगारी, सीओ रामबालक कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा० अरूण कुमार सिंह के अलावा कई जनप्रति. निधि भी शामिल हुए।

## गिरिडीह के धनवार इलाके में पुलिस की टीम पर हमला किया गया

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**



गिरिडीह के धनवार इलाके में पुलिस की टीम पर हमला किया गया है। इसमें एक और एक महिला जवान घायल हो गए हैं। पुलिस ने इस मामले में 12 लोगों पर नामजद प्राथ. मिकी दर्ज की है। 50 से 60 अज्ञात लोगों के विरुद्ध भी केस पंजीकृत दर्ज किया गया है। पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के लिए 9 लोगों को हिरासत में लिया है। घटना सोमवार देर रात की है। बताया जा रहा है कि धनवार थाना क्षेत्र के हेमरोडीह में मां सरस्वती की प्रतिमा का विसर्जन जुलूस निकाला गया था। जुलूस में शामिल कुछ उपद्रवी युवक सड़क को अवरुद्ध कर क्श्र बजा रहे थे। नृत्य कर रहे थे। रास्ते से आने-जाने वाले लोगों को हो रही दिक्कतों को देखते हुए ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा बलों कुछ युवकों को जुलूस आगे बढ़ाने के लिए कहा। इससे नाराज होकर युवकों ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। पुलिस वाहन पर पथराव किया गया। इसमें पुलिस की बोलेरो क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस वालों को छिपकर अपनी सुरक्षा करनी पड़ी। घटना की सूचना मिलते पर परसन तथा घोड़थम्बा की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। टीम का नेतृत्व एस डी एम धीरेंद्र कुमार सिंह, एस डी पी ओ मुकेश महतो, सीओ नरेश कुमार वर्मा कर रहे थे। पुलिस के जवानों व अधिकारियों ने घटनास्थल पर पहुंचकर हालात को संभाला। हमले में घायल एस आई राणा मृत्युंजय सिंह तथा महिला कांस्टेबल का उपचार के लिए रेफरल अस्पताल धनवार में भर्ती कराया गया।

इस बीच पुलिस की कार्रवाई से डर कर गांव के कई युवा घर छोड़कर फरार हो गए । थाना प्रभारी नागेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस टीम पर हुए हमले के मामले में प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। इसमें पुलिस अधिकारियों पर जानलेवा हमला करने, सरकारी कार्य में बाधा डालने जैसी धाराएं लगाई गई हैं। पुलिस टीम ने जुलूस में शामिल रहे डीजे को जब्त कर लिया है।

## +2 उच्च विद्यालय ,दनुवा में विद्यालय का एलबेस्टस तोड़ कर चोरी

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : प्रखण्ड के दनुवा पंचायत में स्थित उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय में मंगलवार की रात अज्ञात चोरों ने विद्यालय में लगे समरसेबल का तार को चोरी कर फरार हो गए। वहीं समरसेबल को खोल नहीं पाए । इस संबंध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक रतन वर्मा के द्वारा चौपारण थाना को लिखित आवेदन देकर चोरी की घटना को जानकारी दी है । वहीं चोरी की घटना के बारे में बीडीओ और उच्च अधिक. ारियों को भी विद्यालय प्रधान के द्वारा सूचित कर दिया गया है। वहीं एक कमरा का भी ताला तोड़कर कई सामानों को भी उठाकर लेते गए जिससे विद्यालय को भारी क्षति हुई है।

## पीसीसी निर्माण में अनियमितता, झामुमो जिला उपाध्यक्ष ने सीएम को लिखा पत्र

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**

चौपारण : झारखंण्ड मुक्ति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बिरेन्द्र राणा द्वारा प्रखण्ड के ब्लॉक मोड़ से पपरो गांव तक नव निर्मित सड़क निर्माण में भारी अनियमितता का आरोप लगाया है। जिसकी शिकायत जिला उपाध्यक्ष वीरेंद्र राणा द्वारा मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को पत्र लिखकर करते हुए, उक्त निर्माण में अनियमितता की जांच उच्च अधिकारियों से करवाने की मांग की है।
क्या है आरोप
पत्र में लिखा है कि प्रखंड में राज्य संषोधित योजना से कई किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण में संवेदक द्वारा काफी लापरवाही किया जा रहा है। अभिकर्ता एजेंसी ग्रामीण विकास विभाग हजारीबाग द्वारा टेंडर के माध्यम से संवेदक द्वारा चौपारण ताजपुर ब्ल०क मोड़ से आधा पपरो इटखोरी रोड तक सड़क निर्माण किया जा रहा है। सड़क निर्माण कार्य में आर सीसी ढलाई रोड में काफी अनियमितता की जा रही है। इसके बाद सड़क निर्माण कार्य के जेई प्यारे लाल मराण्डी से सम्पर्क किया तो सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता में सुधार की बात की। लेकिन कोई सुधार नहीं हुआ । इसलिए हम ग्रामीणों ने जिसकी सूचना पूर्व में हजारीबाग उपायुक्त को दिनांक 29 दिसम्बर 2021 को दिया गया है पर अभी तक कोई जांच नहीं हुआ। जिसका छाया प्रति भी संलग्न है । इसलिए श्री मान से उक्त सड़क निर्माण का जांच उच्च स्तरीय करवाया जाए ताकि रोड का निर्माण सही हो सके।

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरैयादह में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**अपेम लाइवः गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां, गिरिडीह : उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय सरैयादह में सरस्वती पूजा के शुभ अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नन्हें मुन्हे बच्चों ने संगीत, नृत्य, नाटक एवं कई प्रकार के कलाओं को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पिहरा संकुल के सीआरपी अजय कुमार पंडित और मध्य विद्यालय पिहरा के पूर्व प्रधानाचार्य रामस्वरूप प्रसाद यादव मौजूद थे। मंच का संचालन पिहरा के पप्पू कुमार के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे स्कूल के सचिव संजय प्रसाद यादव, अध्यक्ष अशोक प्रसाद यादव, सहयोगी सदस्य बिनोद प्रसाद यादव, अनूप प्रसाद यादव, प्रदीप कुमार, रूपेश कुमार, विवेक कुमार, कृष्ण कुमार समेत दर्जनों ग्रामीणों का अहम योगदान रहा।

सच का साथी
# अपेम लाइव न्यूज
बरही से प्रकाशित एवं संचालित डिजीटल न्यूजपेपर

## एएनएम का कारनामा मृत अवस्था मे महिला को सदर किया रेफर, परिजनों का आरोप

### महराजगंज उपस्वाथ्य केंद्र में एक महिला की मौत, एएनएम पर लापरवाही का आरोप

### उपस्वाथ्य केंद्र में शव के साथ परिजनों का हंगामा, ताला जड़ एनएनएम फरार,

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



महराजगंज उप स्वाथ्य केंद्र हमेशा की तरह फिर से विवादों में आ गया। जहां बेला निवासी रूबी का इलाज के दौरान मौत हो गया। घटना के संदर्भ में परिजनों ने बताया कि बीते रात्रि ईलाज के लिए महाराजगंज उपस्वाथ्य केंद्र लाया गया जहां एएनएम ने इलाज में लापरवाही बरती जिससे महिला की मौत हो गया। पीड़ित परिवार ने बताया कि महिला का मौत हो जाने के बाद मृत अवस्था मे उसे हजारीबाग सदर रेफर कर दिया। जब सदर अस्पताल पहुंचा तो डoक्टरो ने बताया कि महिला की मौत पहले से ही हो गया है। अन्तरपरिक्षण के बाद महिला का शव लेकर पीड़ित परिवार ने उपस्वाथ्य केंद्र महराजगंज में लाकर एएनएम के खिलाफ किया प्रदर्शन। घटना स्थल पर पहुंचे चौपारण पुलिस ने पीड़ित परिवार से न्याय की गुहार लगाया। इधर घटना की सूचना मिलते ही एएनएम अरुना कुमारी उपस्वाथ्य सहित अपने घर मे ताला जड़ कर फरार जो गई। समाचार लिखे जाने तक शव को स्वाथ्य केंद्र में रखकर पीडीत परिवार उचित मुआवजे की मांग व आरोपी एएनएम पर कार्यवाई का मांग कर रहे थे।

## बजरंग दल ने बरही में हुई हत्या के विरोध में किया पुतला दहन

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



बजरंग दल हजारीबाग ने बीती रात बरही के लखना दुलमुंहा में रूपेश कुमार की निर्ममतापूर्वक हत्या के विरोध में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का पुतला दहन झंडा चौक में किया गया, मृतक रूपेश अपने घर का इकलौता सदस्य था। मौके पर कार्यकर्ताओं कहा हेमंत सोरेन सरकार में लगातार ऐसी घटनाएं होते आ रही है मांग किया की हतियारो को जल्द से जल्द प्रशासन सभी दोषियों को चिह्नित कर मॉब निवारण अधि. एक्ट के तहत कार्रवाई करें और फांसी की सजा हो,। सरकार को तुरंत परिवार को आर्थिक रूप से मदद करनी चाहिए, मौके पर कार्यकर्ताओं ने अपील भी किया कि शांति व्यवस्था सभी लोग बनाए रखें, कहा की ऐसी घटना को अंजाम देने वाले अपराधियों को किसी हर हाल में छोड़ा ना जाए, जल्द से जल्द उन पर कारवाई की जाए

## पूर्व विधायक ने बेला में किया प्रवचन मंच का उदघाटन

### प्रवचन में सुने बातो को जीवन मे उतारे कर जीवन को सार्थक बनावे: मनोज यादव

**अपेम लाइव : चौपारण**
**किशोर राणा**



बेला में आयोजित श्री श्री 108 श्री हनुमन्त प्राण प्रतिष्ठा सह नौ दिवसीय महायज्ञ के प्रवचन मंच का बतौर मुख्यातिथि बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने दीप प्रज्वलित कर किया शुभारंभ। इस दौरान महायज्ञ समिति के अध्यक्ष पूर्व विधायक सहित सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, मुखिया संघ अध्यक्ष राजदेव यादव, जीप सदस्य रामस्वरूप पा. सवान, स्थानीय मुखिया शम्भू सिंह, महामंत्री आशीष सिंह आदि को भगवा वस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक ने कहा की जीवन मरण भगवान के हाथों में होता है लेकिन मनुष्य अपने जीवन किस प्रकार से जीता है कैसा कर्म करता है ये सब उसके हाथों में होता है। इसलिए जीवन मे अच्छे कर्म करे ताकि आने वाला पीढ़ी आपको अच्छे कर्मो के लिए जाने। कहा प्रवचन में सुने बातो को जीवन में उतार कर जीवन को सफल बनावे। सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव ने कहा कि आप अपने बच्चों को अच्छी संस्कार दे जीवन मे जरूर सफल होंगे। महायज्ञ समिति अध्यक्ष महेंद्र साव, सचिव प्रदीप शर्मा ने बताया कि प्रवचनकर्ता बनारस से आये रामनारायण दास जी महाराज है। कार्यक्रम का संचालन कांग्रेस नेता बीरबल साहू ने किया। महायज्ञ को सफल बनाने में उपाध्यक्ष कपिल प्रजापति, सक्रिय बीरबल साव, राजेन्द्र भगत, हेमराज साव, सरयू शर्मा, रामचन्द्र शर्मा, पिन्टू शर्मा, गोविंद महतो, पिन्टू साव आदि महती भूमिका निभा रहे है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष सियाराम सिंह, समा. जसेवी सतेंद्र सिंह, शिक्षक शिव कुमार यादव सहित अन्य।

खबरो के लिए संपर्क करें: 9550809864

## बड़ा बाजार चौक पर भारत रत्न से सम्मानित लता मंगेशकर को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई

### व्यवसायियों और समाजसेवियों ने नम आंखों से दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

### भारत माता की जय,लता मंगेशकर अमर रहे, जैसे कि जयकारों की गूंज से गूंज उठा चौक

**अपेम लाइव : हजारीबाग**
**अमरजीत सिंह**



हज़ारीबाग़ : भारत की गौरव स्वर कोकिला लता मंगेशकर का रविवार की सुबह मुंबई अस्पताल में निधन पर पूरे भारतवर्ष में नम है। वही हजारीबाग के बड़ा बाजार चौक में सोमवार को भारत रत्न से सम्मानित कोकिला लता मंगेशकर के निधन पर बड़ा बाजार चौक के व्यवसाई एवं समाजसेवियों के द्वारा नाम आंखों से भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई भारत माता की जय लता मंगेशकर अमर रहे जैसे अनेकों नारे लगाकर उनको नमन किया गया। कार्यक्रम को विशेष सफल बनाने में : विशाल खंडेलवाल,गुंजन मद्धेशिया, संजू केसरी, रितेश खण्डेलवाल, अतिशय जैन की अहम भूमिका रही। मौके पर समाजसेवियों ने कहा किलता मंगेशकर भारत की सबसे लोकप्रिय और आदरणीय गायिका थीं, जिनका छः दशकों का कार्यकाल उपलब्धियों से भरा पड़ा है। हालाँकि लता जी ने लगभग तीस से ज्यादा भाषाओं में फ़िल्मी और गैर-फ़िल्मी गाने गाये हैं लेकिन उनकी पहचान भारतीय सिनेमा में एक पार्श्वगायिका के रूप में रही है। उनका जन्म 28 सितंबर 1929 को इंदौर मे हुआ था। साथ ही कहा की उनके निधन से हम सभी का दिल आहत है। लता मंगेशकर के कंठ में साक्षात सरस्वती का वास था अब हम सभी उनके गीतों के सहारे उनकी यादों को अपने दिलों में बसाए रखेंगे। मौके पर : रामचंद्र केशरी,सुरेंद्र खण्डेलवाल, पवन खण्डेलवाल, अमर जैन,विजय जैन, विवेक कुमार,आशीष सोनी,नितेश चंद्र,रितेश खण्डेलवाल, संजय कुमार,धीरज कुमार,सुमन सिन्हा, सरफ़राज़ अहमद, अतिशय जैन,र०की केशरी,पवन केशरी सहित कई लोग मौजूद थे....

## कान्हाचट्टी डीलर संघ के चुनाव हुआ सम्पन्न

### सर्वसमति से सुरेश यादव अध्यक्ष,बालेश्वर सचिव एवं गौतम सिंह बने कोषाध्यक्ष

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**
**प्रमोद सिंह**



कान्हाचट्टी : बुधवार को पुराना प्रखण्ड मैदान शायल बगीचे के मैदान में डीलर संघ का चुनाव सम्पन्न हुआ।चुनाव में सर्वसम्मति से सुरेश यादव को अध्यक्ष,बालेश्वर यादव को सचिव एवं गौतम सिंह को कोषाध्यक्ष चुना गया।तीनो के चयन पर प्रखण्ड के सभी डीलरों ने नव चयनित कमिटी को बधाई दिए हैं।चुनाव में जिला संघ के अध्यक्ष मो. अब्दुल्लाह अंसारी भी उपस्थित हुए और नव चयनित कमिटी को बधाई देते हुए ईमानदारी से कर्तब्य का पालन करने को कहा।उन्होंने कहा कि चयनित कमिटी निश्चित रूप से संघ के लिए बेहतर कार्य करेगी।मौके पर राजेन्द्र राम,रंधीर सिंह,जितेंद्र उर्फ पिंटू दुबे,नरेश केशरी,अजित राय,नागेश्वर सिंह सहित सभी डीलर उपस्थित थे।

## बरकट्ठा की बेटी का एमबीबीएस में नामांकन

**अपेम लाइव : बरकट्ठा**
**सुनील कुमार**



बरकट्ठा प्रखण्ड के सुद. रवर्ती एक छोटे से गांव चेचकपी निवासी राज. कुमार मेहता, जो वर्तमान में भारत सरकार के जीएसटी डिपार्मेंट में अधीक्षक पद पर पांडिचेरी में कार्यरत है। उनकी छोटी बेटी मयंक मेहता का एमबीबीएस कोर्स के लिए पांडिचेरी के मेडिकल कoलेज (च्ड्डै) में नामांकन हुआ है। मयंक अपनी बड़ी बहन माधवी मेहता के रास्ते पर चलते हुए अपने प्रथम प्रयास में ही मेडिकल कoलेज में दाखिला प्राप्त करने में सफल रही। मयंक आठवीं कक्षा तक की पढ़ाई केंद्रीय विद्यालय चेन्नई से की थी तथा 10वीं और 12वीं की परीक्षा केंद्रीय विद्यालय पांडिचेरी से पास की। उसके बाद पांडिचेरी से ही नीट की तैयारी की। मयंक ने अपने इस सफलता के लिए अपने गुरुजनों और माता पिता को श्रेय दिया है। मयंक डoक्टर बनकर अपने गांव के दूरदराज क्षेत्र में सेवा करने का जज्बा रखती है

खबरो के लिए संपर्क करें: 9550809864

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजिटल न्यूजपेपर

## रूपेश पांडेय की हत्या करने वाले को फाँसी की सजा की मांग करते हुए केंडल मार्च निकाला गया।

**अपेम लाइवः गिरहिडीह**
**प्रमोद कुमार गुप्ता**




गिरीडीह के टॉवर चौक में कई हिन्दू संगठन गण-मान लोगो ने झंडा मैदान से टावर चौक तक केंडल मार्च निकाला और टावर चौक में रूपेश के हत्यारे को न्याय देने की मांग की।कहा गया कि आज झारखंड सरकार की हर प्रकार से सरकार चलाने पर विफल है। खिलाप रोष जाहिर करते हुए के तख्तियां में स्लोगन भी लिखा था ।और कहा झारखंड सरकार अपने नाकामी को छिपाने का इल्जाम भी लगया गया। बजरंग दल के संजोजक रितेश पांडेय ने कहा इस तरह से झारखंड के कई जिले में भी इस तरह की लगातर घटना हो रही है मगर सरकार गहरी नींद में सोई हुई है।ये हिन्दू विरोधी सरकार है।इधर सरकार नेटवर्क फैल कर के अपनी नाकामी को छुपाने के भी बात कही है।और सरकार से मांग की गई है कि जल्द से जल्द रूपेश के हत्यारों को फाँसी की सजा मिले तथा कहा कि रूपेश अपने घर के एकमात्र एकलौता पुत्र था। जो घर को चलता था।तथा कहा कि उनके परिवार को 1 करोड़ मुवावजे के रूप में देने की मांग की है।मौके पर शुभम पांडेय,रितेश पांडेय,आशुतोष पांडेय,राजेश विश्वकर्मा, अदिवक्ता चुनु कांत,राजकुमार वर्मा, प्रेम सक्सेना,आदि उपस्तित थे।

## जागो फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने गावां में चलाया कुष्ट रोग जागरूकता अभियान

**अपेम लाइवः गांवा**
**मोजाहिद अली**



गावां, गिरिडीहः गावां प्रखण्ड के गावां पंचायत में बुधवार को जागो फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं ने कुष्ट रोग के प्रति जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने कुष्ट रोग होने के कारण, उसके लक्षण और इलाज के बारे में जानकारी देते हुए ग्रामीणों को जागरूक किया। कहा कि लोगो मे कुष्ट रोग के प्रति ऐसी भ्रांतियां है कि यह भगवान का एक अभिशाप है या ये रोग वैसे लोगो को होता है जो पिछले जन्म में पाप किये है जो बिल. कुल भी गलत है। कहा कि जागो फाउंडेशन का मकसद है लोग अंदर जो गलतफहमियां है उसे जागरूक कर दूर किया जा सके ताकि लोग कुष्ट रोग के बारे में बेहतर तरीके से जाने और इसका समुचित उपचार करवा सके। मौके पर जागो फाउंडेशन के कार्यकर्ताओं समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे

## सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी की बैठक संपन्न

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**




बिरनी प्रखंड के अंतर्गत महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के द्वारा आज गिरिडीह के बिरनी प्रखंड के ततेरिया सलैडीह पंचायत के पंचायत भवन में एसोसिएट तब्बसुम परवीन की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुआ । बैठक को संबोधित करते हुए संस्था के बिरनी प्रखण्ड प्रभारी मो समीम अंसारी ने पंचायत के सभी सदस्यों को बताया की आज हमारे संस्था झारखंड के साथ साथ बिहार एवम उत्तर प्रदेश में भी कार्य कर रही हैं,संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवम असहाय लोगों को मदद करना एवम महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने हेतु पापड़ मोमबत्ती,अगरवत्ती ,सिलाई ,कढ़ाई ,ब्यूटीशियन ,मशरूम, आदि प्रशिक्षण दिलाया जाता है जिसे महिलाएं आपने आप आत्म निर्भर बन सके । इस बैठक को झारखंड के जोनल हेड मो नसीम अंसारी और धनबाद हजारीबाग गिरिडीह जिला प्रभारी मो इरफान अंसारी दोनों ने भी संस्था के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दिया। बैठक में पंचायत एसोसिएट संजू देवी और लक्ष्मी देवी पंचायत केडर बबिता देवी पंचायत सदस्य बसीरन खातून रुकसाना खातून अपसाना खातून सुनीता देवी प्रभा देवी एवम अन्य सदस्य मौजूद थे




## बिरनी मुख्यालय कैंपस में विधायक विनोद सिंह ने कर्मचारी बीडीओ, सीईओ आवास का किया शिलान्यास

**अपेम लाइवः बिरनी**
**सब्बा अहमद**





बिरनी प्रखंड मुख्यालय कैम्पस में विधायक विनोद सिंह ने कर्मचारी भवन , तथा बीडीओ ,सीईओ आवास का किया शिलान्यास शिलान्यास कार्यक्रम का संचालन बिरनी के पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह ने किया वही विधायक विनोद सिंह ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि मैं जानता के समुचित आवश्यकता को अपने पहल पर पूरा करने का प्रयास कर रहा हूँ पिछले विधानसभा चुनाव में जनता ने एक और पार्टी के विधायक को चुना था। लेकिन उस विधायक के कार्यकाल में जितने भी प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का काम अधूरा रह गया था। जो सड़के जर्जर हो गयी थी। उसके बारे में कोई पहल कदमी नही ली गई। अभी जब मैंने प्रस्ताव भेजा है। तो केंद्र सरकार कह रही है कि ये 2015- 16 में क्यों नही भेजा गया। इस प्रकार के बिरनी के दो दर्जन सड़क दिल्ली में अटकी पड़ी है।सिंह ने आगे जानकारी देते हुए कहा कि पहले प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना में पूरे पैसे केंद्र की लगती थी। लेकिन अब राज्य सरकार को आधे पैसे देने पड़ते है। तो मैंने राज्य सरकार से ये प्रस्ताव पारित करवा लिया है लेकिन केंद्र में अटका दिया गया है।उन्होंने कहा कि यहाँ हमारे सांसद के प्रति. निधि गन मौजूद हैं। बजट सत्र भी अभी केंद्र में चल रहा हैं। इसलिए आप भाजपा के मित्र भी इस बात को अपने नुमाइंदों तक पहुचाएं वही सभा को संबोधित करते हुए। जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय में कर्मचारि,बीडीओ एवं सी. ईओ आवास नहीं रहने के कारण यहाँ से कही और जा के रहना पड़ रहा था।जो अब प्रखंड मुख्यालय एक वर्ष के अंदर आवास बन जयेगा जिसके बाद पदाधिकारी को और जगह नहीं जाना पड़ेगा। वही कहा कि डिग्री कॉलेज बिरनी झारखंड सरकार दोहरी नीति के कारण आज तक नही चालू हो पाया हैं। बता दे कि डिग्री क०लेज बंद रहना वर्तमान विधायक को उसमे पहल करना चाहिए। आज बिरनी प्रखंड में डिग्री क०लेज एक सोभा के रूप बन गया हैं। मुख्य रूप से बिरनी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सुनील वर्मा बिरनी अंचलाधिकारी, अशोक राम पूर्व प्रमुख सीताराम सिंह रामू बैठा , राजेश विश्वकर्मा, रामविलाश पासवान, रामसहाय यादव कैलाश यादव ,मुस्तकीम अंसारी बिससूत्री अध्यक्ष एतवारी वर्मा बिस सूत्री उपाध्यक्ष प्रमोद कुमार राय भा. जपा के जिला सांसद प्रतिनिधि दिनेश यादव, मनोज चंद्रवंशी संसद प्रतिनिधि,महेंद्र यादव, रंजीत राय टुपलाल वर्मा सूरज मोदी तुलसी यादव, समेत कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## सोनपुरा में किया गया शिव मंदिर का भूमिपूजन

**अपेम लाइवः पदमा**
**सुमन मेहता**



पदमा प्रखंड अंतर्गत बिहारी पंचायत के सोनपुरा में शिव मंदिर का भूमि पूजन विधि विधान से किया गया। गांव में श्री राम का झंडा घुमा कर मंदिर परिसर में लाया गया। सभी ग्रामीण बच्चे व बुजुर्ग में उत्साह था।

## गावां में निष्ठा के तहत शिक्षकों को दिया जा रहा है प्रशिक्षण

**अपेम लाइवः गांवा**
**मोजाहिद अली**




गावां, गिरीडीहः प्राथमिक कक्षाओं के शिक्षक (वर्ग 1 से 5 )के लिए निष्ठा 3.0 निपुण भारत कार्यक्रम का आयोजन बीआरसी गावां में किया गया है। इसके लिए प्रखंड के सभी प्राथमिक मध्य विद्यालयों के प्राथ. मिक कक्षाओं में पढ़ाने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं को बुधवार को प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षक रणधीर कुमार सिन्हा ने बताया कि निष्ठा समग्र शिक्षा अंतर्गत शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक समेकित कार्यक्रम है। यह शिक्षकों के क्षमता संवर्धन पर बल देती है। इसलिए शिक्षकों का क्षमता संवर्धन कराना आवश्यक है। वैसे बच्चे को सिखाना है जो बच्चे गिनना तो जानता है मगर लिखे हुए शब्द को समझ नही पाता है। मौके पर अनिल कुमार, नवीन कुमार, प्रकाश पंडित, चनन्दन कुमार, अनिरुद्ध शर्मा, संतोष कुमार, तालकेश्वर कुमार, निशा सिन्हा, आलोक कुमार सत्य, अरुण कुमार, गरिश्चंद विश्वास, राजीव कुमार, सुरेंद्र कुमार समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे।